खण्ड-9 संख्या-23

# नवम् बिहार विधान-सभा

## विधान-सभा वादवृत्त

**भाग-1, कार्यवाही प्रश्नोत्तर**

वृहस्पतिवार, तिथि 28 जुलाई, 1988 ई०

अन्तर्गत वन प्रमंडल, मुंगेर द्वारा 15.33 लाख पौधे लगाए गये हैं। अक्टूबर, 1987 की गणना के अनुसार लगभग 97 प्रतिशत पौधे अस्तित्व में हैं। इसपर कुल व्यय की गयी राशि 22,95,642.38 है जिसमें पुराने वनरोपण का रख-रखाव भी सम्मिलित है।

---

## मुआवजा का भुगतान

**खा-7. श्री रामचन्द्र पासवान** - क्या मंत्री, खाद्य एवं आपूर्त्ति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत एकंगरसराय प्रखंड के पणन पदाधिकारी श्री बैजनाथ मेहता की हत्या दिनांक 22 दिसम्बर 1987 को कर दी गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व० मेहता के आश्रित को भरण-पोषण एवं शिक्षा आदि के लिए मुआवजा देना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों?

**प्रभारी राज्य मंत्री, खाद्य आपूर्त्ति एवं वाणिज्य विभाग** - (1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) स्व० मेहता के दिनांक 22 दिसम्बर 1987 तक का पूर्ण वेतन, ग्रुप बीमा राशि तथा अर्जित अवकाश के पूर्ण भुगतान के लिए सभी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। उनकी पत्नी के अनुमंडल कार्यालय, हिलसा में उपस्थित होते ही सभी राशियां भुगतान कर दी जायेंगी।